प्रैस विज्ञप्ति

आज दिनांक 19 नवम्बर 2019 को अग्रवाल महाविद्यालय में तीन दिवसीय अंतरः महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता के दूसरे दिना रिकर्व राउंड की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग में अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के आदर्श भड़ाना 646 अंकों के साथ प्रथम स्थान, यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट रोहतक के आदित्य प्रताप सिंह 636 अंकों के साथ द्वितीय स्थान व अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के तरुण डागर 621 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। वहीं रिकर्व राउंड प्रतियोगिता के महिला वर्ग में जाट कॉलेज रोहतक की प्रियंका ठकरान 629 अंकों के साथ प्रथम स्थान, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ की आर्ची यादव 612 अंकों के साथ द्वितीय स्थान व डी.ए.वी. शताब्दी कॉलेज फरीदाबाद की प्रियंका गर्ग 580 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी ने विजेता खिलाडियों को बधाई दी। कल दिनांक 20 नवंबर 2019 को इस प्रतियोगिता के अंतिम दिन कम्पाउंड राउंड का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के खेल-कूद संयोजक डॉ. के.एल. कौशिक, डॉ. सुबेश पांडे, शारीरिक शिक्षक डॉ. जगबीर सिंह, श्री नंदकिशोर, श्री मोहित, श्री लवकेश, राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद के शारीरिक शिक्षक डॉ. बलबीर सिंह दहिया, डी.ए.वी. शताब्दी कॉलेज फरीदाबाद के श्री नरेन्द्र व के.एल. मेहता दयानन्द कॉलेज फरीदाबाद की श्रीमती अंजू उपस्थित रहे।